वन एवं वन्य जीव संसाधन Important Questions || Class 10 Social Science (Geography) Chapter 2

अति संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न (1 अंक)

प्रश्न 1 परिस्थितिकी तंत्र के उन प्राथमिक उत्पादकों का नाम लिखिए जिन पर दूसरे सभी जीव निर्भर करते हैं ?

उत्तर: हरे पौधे या वन।

प्रश्न 2 I.U.C.N. (अं. प्रा. सं. प्रा. सं.सं.स.) क्या है ?

उत्तर: अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण संघ।

प्रश्न 3 भारत में पाई जाने वाली कोई एक सुभेद्य जीव प्रजाति का नाम लिखिए ?

उत्तर: नीली भेड़ाएशियाई हाथी/गंगा नदी की डॉल्फिन इत्यादि।

प्रश्न 4 चीता किसी तेंदुए से कैसे भिन्न होता है ?

उत्तर: चीते की विशेष पहचान उसकी आंख के कोने से मुंह तक नाक के दोनों ओर फैली आंसुओं की लकीरनुमा निशान है।

प्रश्न 5 औपनिवेशिक काल में भारतीय वनों को होने वाले नुकसान का कोई एक कारण लिखिए ?

उत्तर: उपनिवेश काल में रेललाइन, कृषि, व्यवसाय, वैज्ञानिक, वानिकी और खनन क्रियाओं में वृद्धि।

प्रश्न 6 उपनिवेश काल में किस पौधे या वृक्ष को समृद्ध हिमालयन ओक की जगह लगाया गया ?

उत्तर: चीड पाईन

प्रश्न 7 वन संसाधनों के ह्रास के लिए चारा और ईधन आपूर्ति पूरी तरह उत्तरदायी क्यों नहीं है ?

उत्तर: क्योंकि चारे और ईधन हेतु लकड़ी की आवश्यकता पूर्ति मुख्यतः पेड़ो की टहनियां काटकर की जाती है न कि पूरे पेड़ काटकर।

प्रश्न 8 पारिस्थितिकी तंत्र क्या है ?

उत्तर: पौधों, जंतुओं और मानवों के अंर्तसंबंधों और अंतनिर्भरता के कारण बना जटिल भौतिक पर्यावरण।

प्रश्न 9 भारत में पाए जाने वाले किसी एक औषधीय पौधे का नाम लिखिए।

उत्तर: तुलसी, नीम, अर्जुन, जामुन, कचनार, बबूल इत्यादि

प्रश्न 10 पर्यावरणीय असंतुलन क्या है ?

उत्तर: पादप व जंतु प्रजातियों की कमी या ह्यस के कारण उत्पन्न संकट।

प्रश्न 11 आपके क्षेत्र के नजदीक कौन सी नदी बहती है ? क्या यह स्वच्छ है ? यदि नहीं तो यह स्वच्छ क्यों नहीं है ?

उत्तर: यमुना प्रदूषण के कारण

प्रश्न 12 हाल के वर्षों में दिल्ली में लुप्त किसी एक पक्षी का नाम लिखिए।

उत्तर: गौरेया।

प्रश्न 13 वनों और वन्य जीवन का हमारे लिये कोई एक उपयोग लिखिए ?

उत्तर: लकड़ी, छाल, पत्ते, रबड़, दवाईयां, भोजन, ईधन, चारा, खाद आदि।

प्रश्न 14 वनोन्मूलन क्या है ?

उत्तर: पेड़ काटना।

प्रश्न 15 वनीकरण क्या है ?

उत्तर: वृक्षारोपण।

प्रश्न 16 किस खनिज अयस्क के खनन के कारण पश्चिम बंगाल में बक्सा टाईगर रिजर्व गंभीर खतरे में है ?

उत्तर: डोलोमाइट (एक अयस्क)।

3/5 लघु/दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1 मानव किसी क्षेत्र के पारिस्थितिक तंत्र को किस प्रकार प्रभावित करता है?

उत्तर:

- वनस्पति व वन्यजीवन का उपयोग करके।
- मानव के लालच के कारण इन संसाधनों का अति उपयोग होने लगा है।
- पेड़ काटकर और जानवरों के शिकार द्वारा उन्हें मारकर वे पर्यावरणीय असंतुलन पैदा करते हैं।
- परिणामस्वरूप कुछ पादप और जंतु लुप्त होने के कगार पर हैं।
- हमारे पर्यावरण के प्रति असंवेदनाशीलता दिखाकर और सतत पोषणीय विकास के अभाव द्वारा।

प्रश्न 2 भारत की जैवविविधता/पर्यावरणीय विनाश/निम्नीकरण हेतु कौन से तत्व उत्तरदायी हैं ?

उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/

- स्वतंत्रता पश्चात् कृषि विस्तार
- अधिक जनसंख्या
- नदी घाटी परियोजनाएं
- खनन
- अतिचारण और ईंधन की लकड़ी का संग्रह
- संसाधनों तक असमान पहुँच व अन्यायपूर्ण उपभोग
- पर्यावास क्षति, अवैध शिकार, अति शोषण, विषाक्तता व वन अग्नि (दावानल)
- पर्यावरणीय प्रदूषण।

प्रश्न 3 वन विभाग द्वारा कौन से तीन प्रकारों में वन एवं वन्य जीव संसाधनों को वर्गीकृत किया गया है ?

उत्तर:

- आरक्षित वन
- रक्षित वन
- अवर्गीकृत वन (वर्णन सहित)

प्रश्न 4 I.U.C.N. के अनुसार मौजूदा पादप और जंतु प्रजातियों को किन तीन श्रेणियों में बांटा गया है ? वर्णन कीजिए।

उत्तर:

- सामान्य
- संकट ग्रस्त
- सुभेद्य
- दुर्लभ
- स्थानिक
- लुप्त (वर्णन सहित)

प्रश्न 5 ऐसे कुछ उपाय सुझाइए जिनसे हमारे वन्य जीवन को होने वाले अविवेकी ह्रास पर नियंत्रण पाया जा सके ? (HOT)

उत्तर:

- सरकार द्वारा प्रभावी, वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम।
- भारत सरकार ने लगभग चौदह जैव निचय (जैव संरक्षण स्थल) प्राणि-जात व पादप-जात, हेतु बनाए हैं।
- सन् 1992 से भारत सरकार द्वारा कई वनस्पति उद्यानों को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता दी गई है।
- बाघ परियोजना, गैंडा परियोजना, ग्रेट इंडियन बर्टड परियोजना तथा कई अन्य ईको-विकासीय (पारिस्थितिक विकासीय) परियोजनायें शुरू की गई हैं।
- 89 राष्ट्रीय उद्यान, 490 वन्य जीव अभयारण्य तथा प्राणी उद्यान बनाये गये हैं।
- इन सबके अतिरिक्त हम सभी को हमारे प्राकृतिक पारिस्थितक व्यवस्था के महत्त्व को हमारी उत्तरजीविता के लिए समझना अति आवश्यक है।